पशुओं के नस्ली विकास के लिये हरियाणा ब्राज़ील के सहयोग से उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेगा

चर्चा में क्यों?

6 जुलाई, 2022 को हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण और पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जे.पी. दलाल ने राज्य में ब्राज़ील के सहयोग से पशुओं की नस्लों के विकास के लिये एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की जानकारी दी।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि जे.पी. दलाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ब्राज़ील दौरे पर है। ब्राज़ीलिया शहर में इस प्रतिनिधिमंडल ने गिर एसोसिएशन के अध्यक्ष और उनकी टीम के सदस्यों के साथ बातचीत करने के बाद बताया कि ब्राज़ील के गिर एसोसिएशन ने हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के माध्यम से हरियाणा राज्य से मुर्रा भैंस जरमप्लाज़्म के आयात के लिये इच्छा जताई है।
- बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एबीसीजेड के सदस्यों के साथ हरियाणा में गिर पशुओं के लिये उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की और जानकारी हासिल की।
- प्रतिनिधिमंडल ने ब्राज़ीलिया के पास अलेक्जेंड्रिओ ज़िले में मोटम गिर हट फार्म का दौरा किया, जो कि 1500 से अधिक अच्छी गुणवत्ता वाली गिर गायों वाले सबसे बड़े गिर फार्म में से एक है।
- प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रजनन, पोषण और कृषि प्रबंधन प्रेक्टिस में पालन की जा रही, डेयरी प्रथाओं की जानकारी ली गई और उनका अध्ययन किया गया।
- जे.पी. दलाल ब्राज़ील के कृषि, पशुधन और आपूर्ति मंत्रालय के व्यापार एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध सचिव जीन मार्सेल फर्नांडीस से डेयरी विकास और पशुओं की नस्लों के सुधार के क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंधों को और मज़बूत करने पर सहमत हुए। इसमें सूचनाओं और अनुभवों का आदान-प्रदान, एंब्रियो ट्रांसफर टेक्नोलॉजी (ईटीटी) और इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) जैसी तकनीकों के संयुक्त अनुसंधान का आदान-प्रदान तथा आनुवंशिक सामग्री और जरमप्लाज़्म का आदान-प्रदान शामिल हैं।
- उन्होंने जुइज डे फोरा में एंब्रापा पशु डेयरी (एंब्रापा गाडो डी लेइट) अनुसंधान केंद्र का भी दौरा किया और सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा भी की।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/center-of-excellence-for-breed-development-of-animals